INDIAN SCHOOL SOHAR
TERM-I EXAM (2017-2018)

Class : VIII **SUBJECT: HINDI** **Time : 3 Hrs**

Date : 26 -09-2017 **Marks : 80**

सामान्य निर्देश ः *(1) इस प्रश्न पत्र के चार खंड हैं - क ,ख ,ग और घ।*

(2) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

(3) इस प्रश्न पत्र में कुल 19 प्रश्न हैं।

(4) प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले प्रश्न संख्या अवश्य लिखिए।

(खंड - क) - अपठित गद्यांश

प्रश्न 1 अपठित गद्यांश

शिक्षा मनुष्य के सर्वांगीण विकास की कुंजी है।जो शिक्षा व्यक्ति में नैतिक गुणों का विकास करती है,उसके चरित्र को उज्ज्वल बनाती है,उसमें मानवता के उदार गुणों को जाग्रत करती है और श्रेय-प्रेय-पथ का भेद समझाती है उसे नैतिक शिक्षा कहा जाता है।इस शिक्षा से विभूषित व्यक्ति सदैव नम्र,उदार,अनुशासित,शांति-प्रिय,जागरूक,सहिष्णु,सच्चरित्र,सहयोगी,उद्यमी एवं कर्तव्यनिष्ठ तथा सेवा-परायण होता है।पशुवत् सामान्य जीवन-यापन हेतु जिस प्रकार आहार तथा निद्रा आदि आवश्यक है,उसी प्रकार मानव बनने के लिए मानवीय गुणों से युक्त होना भी परमावश्यक है।करुणा,दया ,दान ,त्याग, ईश्वर में आस्था, ईमानदारी, धैर्य, परहित-कामना तथा सहिष्णुता आदि उदार गुण नैतिक शिक्षा के माध्यम से ही विकसित हो सकते हैं।

उपरोक्त गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए ।

(क) मनुष्य के सर्वागीण विकास की कुंजी क्या है ? (1)

(ख) मानव बनने के लिए क्या आवश्यक है? (1)

(ग) नैतिक शिक्षा के माध्यम से कौन से गुण विकसित हो सकते हैं? (1)

(घ) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। (1)

(ङ) शिक्षा से विभूषित व्यक्ति कैसा होता है ? (2)

(च) नैतिक शिक्षा किसे कहा जाता है ? (2)

(छ) प्रत्यय एवं मूल शब्द अलग करके लिखिए - नैतिक , मानवीय (2)

(खंड - ख) - व्याकरण

प्रश्न 2 निम्नलिखित शब्दों की वर्तनी शुद्ध कीजिए । **(2)**

नमश्कार, कृप्या, बसंत, कँगन

प्रश्न 3 नीचे दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए । **(2)**

हँसना, भीतर, झूठ ,पवित्र

प्रश्न 4 नीचे दिए गए शब्दों के वचन बताइए । **(2)**

वर्षा, बाल, हस्ताक्षर, आकाश

प्रश्न 5 नीचे दिए गए शब्दों के लिंग बदलिए । **(2)**

ठाकुर, सुनार, वृद्ध, श्रीमान

प्रश्न 6 निम्नलिखित शब्दों के मूल शब्द एवं प्रत्यय अलग करके लिखिए। **(2)**

चमकीला, भारतीय

प्रश्न 7 दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए । **(2)**

उर, पक्षी

प्रश्न 8 निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए। **(2)**

(क) वह व्यक्ति सज्जन है।

(ख) अचानक बस चल पड़ी।

प्रश्न 9 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के कारक-भेद बताइए । **(2)**

(क) <u>पिताजी के लिए</u> कुर्सी लाओ ।

(ख) तारे <u>आकाश में</u> चमकते हैं।

प्रश्न 10 नीचे दिए गए वाक्यों के अर्थ के आधार पर भेद लिखिए । **(2)**

(क) तुम्हारी यात्रा मंगलमय हो।

(ख) वाह! कितना सुंदर उपवन है ।

प्रश्न 11 निम्नलिखित शब्दों के उपसर्ग एवं मूलशब्द अलग करके लिखिए। **(2)**

दुर्गुण , अनुशासन

(खंड - ग) - साहित्य

प्रश्न 12 निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए। **(6)**

आलम , तह , सौरभ , ढाँढस , खबर , बैरी

प्रश्न 13 निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए। **(5)**

उपेक्षा , परंपरा , बेसब्री , ईमानदार , अभी भी

प्रश्न 14 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

भारतवर्ष ने कभी भी भौतिक वस्तुओं के संग्रह को बहुत अधिक महत्त्व नहीं दिया है, उसकी दृष्टि से मनुष्य के भीतर जो महान आंतरिक गुण स्थिर भाव से बैठा हुआ है, वहीं चरम और परम है। लोभ-मोह काम-क्रोध आदि विचार मनुष्य में स्वाभाविक रूप से विद्यमान रहते है, पर उन्हें प्रधान शक्ति मान लेना और अपने मन तथा बुद्धि को उन्हीं के इशारों पर छोड़ देना बहुत बुरा आचरण है। भारतवर्ष ने कभी भी उन्हें उचित नहीं माना, उन्हें सदा संयम के बंधन से बाँधकर रखने का प्रयत्न किया है। परंतु भूख की उपेक्षा नहीं की जा सकती, बीमार के लिए दवा की उपेक्षा नहीं की जा सकती, गुमराह को ठीक रास्ते पर ले जाने के उपायों की उपेक्षा नहीं की जा सकती।

(क) भारतवर्ष ने किसे अधिक महत्त्व नहीं दिया है ? **(1)**

(ख) मनुष्य में कौन से विचार स्वाभाविक रूप से विद्यमान रहते हैं ? **(1)**

(ग) बहुत बुरा आचरण क्या है ? **(1)**

(घ) प्रस्तुत गद्यांश के पाठ व लेखक का नाम लिखो। **(2)**

प्रश्न 15 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए। **(4)**

(i) भगवान के डाकिए कौन हैं ?

(ii) एक देश की धरती दूसरे देश को क्या भेजती है ?

(iii) तमिल में 'पत्र' को क्या कहा जाता है ?

(iv) लेखक ने एक बार रेलवे स्टेशन पर गलती से कितने रूपए का नोट दे दिया ?

प्रश्न 16 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए। **(15)**

(i) पक्षी और बादल की चिट्ठियों में पेड़-पौधे,पानी और पहाड़ क्या पढ़ पाते हैं ?

(ii) कबीर घास की निंदा करने से क्यों मना करते हैं ? दोहे के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(iii) चिड़िया चोंच में तिनका दबाकर उड़ने की तैयारी में क्यों है?वह तिनकों का क्या करती होगी ?

(iv) दोषों का पर्दाफ़ाश करना कब बुरा रूप ले सकता है ?

(v) पत्र जैसा संतोष फोन या एसएमएस का संदेश क्यों नहीं दे सकता ?

(vi) कवि ने अपने आने को 'उल्लास' और जाने को 'आँसू बनकर बह जाना' क्यों कहा है?

(खंड - घ) - लेखन

प्रश्न 17 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए। (80 से 100 शब्दों में) **(5)**

(i) एकता की आवश्यकता

(ii) मेरी बस यात्रा

(iii) शिक्षक दिवस

प्रश्न 18 विद्यालय की प्रधानाचार्या जी को शुल्क माफ कराने हेतु प्रार्थना-पत्र लिखिए। **(5)**

या

विद्यालय की प्रधानाचार्या जी को शीतकालीन अवकाश में शैक्षिक भ्रमण हेतु प्रार्थना-पत्र लिखिए।

प्रश्न 19 परीक्षा की तैयारी के संबंध में दो छात्रों के बीच संवाद लिखिए । **(5)**

या

वार्षिक उत्सव की तैयारी के संबंध में दो मित्रों के मध्य संवाद लिखिए।